RNI No.: DEL/BIL/2004/14598

# Youngster




YOUNGSTER • ESTABLISHED 2004 • NEW DELHI • MARCH 2018 • PAGES 8 • PRICE 1/- • MONTHLY BILINGUAL (HIN./ENG.)

### वैश्य दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय संगोष्ठी

# राष्ट्र निर्माण में वैश्य समाज का योगदान

- बाल कृष्ण मिश्र




*संगोष्ठी की प्रोसीडिंग का विमोचन करते हुए अतिथिगण*

आजादी के छह दशकों से वैश्य समुदाय देश की शक्ति का एक स्वतंत्र ऊर्जा स्त्रोत बन गया है। अब विश्व भारत को एक उभरती हुई वैश्विक शक्ति के रूप में देखा रहा है क्योंकि यह हमेशा से सदियों पहले महावीर और भगवान बुद्ध एवं बीसवीं शताब्दी में महात्मा गाँधी द्वारा स्थापित अहिंसा के दर्शन में विश्वास करता है यह उद्गार अखिल भारतीय वैश्य समाज एवं टेक्निया इंस्टिट्यूट ऑफ एडवांस्ड स्टडीज के संयुक्त तत्वाधान में 17 मार्च 2018 को आयोजित 32 वें एकदिवसीय राष्ट्रीय सगोष्ठी "राष्ट्र निर्माण में वैश्य समाज की योगदान" के दौरान श्रीमती प्रीति अग्रवाल (मेयर, उत्तरी दिल्ली, एमसीडी) ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत कर विद्यार्थियों, शिक्षको और शोधकर्ताओं को संबोधित करते हुए कही। संगोष्ठी के दौरान "राष्ट्र निर्माण में वैश्य समाज की योगदान" शीर्षक से पुस्तक का विमोचन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ गिरीश कुमार संघी (अध्यक्ष, अखिल भारतीय वैश्य समाज), श्री सुनील शास्त्री (पूर्व सांसद), श्री राम निवास गोयल (स्पीकर, दिल्ली विधान सभा), डॉ राम कैलाश गुप्ता, (दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष, अखिल भारतीय वैश्य समाज व चेयरमैन टेक्निया ग्रुप), श्री सुरेश खंडेलवाल (राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, अखिल भारतीय वैश्य समाज), श्री गोपाल मोर (जनरल सेक्रेटरी, अखिल भारतीय वैश्य समाज), श्री सचिन गुप्ता (चांसलर, संस्कृति विश्वविद्यालय, उत्तर प्रदेश), डॉ अजय कुमार (निदेशक ,टेक्निया इंस्टिट्यूट ऑफ एडवांस्ड स्टडीज) व डॉ संदीप कुमार (संगोष्ठी संयोजक) ने दीप प्रज्वलित करके किया।

डॉ गिरीश कुमार संघी (अध्यक्ष , अखिल भारतीय वैश्य समाज ) ने कहा की भारत के सामाजिक और आर्थिक विकास में जाति व्यवस्था का महत्वपूर्ण स्थान है। सभी जातियों, पंथों और समुदायों में वैश्य समुदाय का भारत के विकास में महत्वपूर्ण योगदान है।

श्री राम कैलाश गुप्ता, (दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष, अखिल भारतीय वैश्य समाज व चेयरमैन टेक्निया ग्रुप) ने कहा कि परंपरागत रूप से वैश्य लोग उद्यमी हैं और उन्होंने विश्व भर में कई बहुराष्ट्रीय कंपनियों की स्थापना की। वैश्य समुदाय ने विश्वभर में अस्पतालों का निर्माण, विश्वविद्यालयों की स्थापना, धर्मशालाओं का निर्माण और उद्योगों द्वारा समाज के विकास में अहम् योगदान दिया है।

श्री गोपाल मोर (जनरल सेक्रेटरी, अखिल भारतीय वैश्य समाज) ने कहा कि इस समुदाय ने हजारों उद्यमियों जैसे गोविन्द राम सेकसरिया ,जमनालाल बजाज, गुर्जरमल मोदी, घनश्याम दास बिरला, धीरूभाई अंबानी, मुकेश अंबानी, कुमार मंगलम बिड़ला, लक्ष्मी निवास मित्तल, सुनील मित्तल आदि भारत को दिया है

शेष भाग पृष्ठ 6 पर.....

## इस होली मैं घर नहीं आ पाउँगा माँ

इस होली मैं घर नहीं आ पाउँगा माँ,
आप अकेले ही खुशियाँ मना लेना,
नाराजगी तो होगी आपको,
बस मुझे बुलाने का बहाना मत बना लेना।।

गुलाल खरीद लेना आप खुद ही, और
खुद से ही अपने गालों पर थोड़ा लगा लेना
बनाना मेरी पसंद की मिठाई और
मेरे हम उम्र को खिला देना,
लेकिन उसे सिर्फ मिठाई ही देना,
मेरे हिस्से का प्यार मत लुटा देना।।

हर आहट को आप मेरी मत समझना,
फिर भी मन ना माने तो दरवाजा लगा देना
अपने सपनो को जी रहा हूँ मैं,
यही सोचकर आप मुस्कुरा देना
इस होली भी मै घर ना आ पाउँगा माँ,
आप अकेले ही खुशियाँ मना लेना.

-आतिश कुमार

### 31st National Conference on

# Power of Media: Shaping the Future"




**Release of the Proceeding of 31st National Conference by the Dignitaries**

Human society is highly diverse and people are highly complex in their behavior. Media is very effectively covering the public sphere of communications and now it has certainly created a social and cultural gap in the society which results difficulty in understanding between generations and among people in the same culture. In the same pace, media with its powerful wings playing a role of catalyst for the cultural representation, cultural shift and drift. Contemporary society has undergone extraordinary transformation mainly due to the remarkable changes brought about by technological development of global media. In present scenario, Power of media is immeasurable with highly influential capacity; no doubt media is responsible for the revolutionary change in the social structure, social behavior and social attitude said by Shri Manmohan Sadana( Joint Director General, Ministry of Tourism ,Govt. of India) as a chief guest on the occasion of 31st one day National Conference "Power of Media: Shaping the Future" on 10th March, 2018 organized by Department of Journalism and Mass Communication, Tecnia Institute of Advanced Studies, Rohini, Delhi.

Manish Desai (Additional Director General, IIMC, New Delhi ), Shri Rishabh Sharma (Anchor Zee News), Prof. M K Soni (Pro Vice Chancellor, Manav Rachna International Institute of Research & Studies, Faridabad ), Prof. Neemodhar (Dean ,Faculty of Media Studies, Manav Rachna International Institute of Research & Studies, Faridabad), Shri Ram Kailash Gupta (Chairman Tecnia Group), Dr.Ajay Kumar (Director, TIAS), Dr. A.K Srivastava ( CE, Academic & Research ),Prof. S S Handa ( Ex Director, Indian Statistical Institute , New Delhi) and Dr.Kamaljeet Kaur (Convener) were present on this occasion. National conference started with lighting of lamp besides saraswati vandana.

Shri Ram Kailash Gupta (Chairman, Tecnia Group) said that Socio-cultural representations are about processes of collective meaning-making resulting in common cognitions. It specifies a number of communicative mechanisms explaining how ideas are communicated and transformed into what is perceived of as common sense. This touches the very heart of mediated communication how the media naturalizes social thinking to generate collective cognition and accelerates cultural representation." Media whether a new or traditional is often responsible for shaping the way people think about other cultures and societies.

Dr.Ajay Kumar (Director, TIAS) said that media has a very good impact on linking the common man with the government. Media has definitely made the citizens close to the government set-up which is very important for the democracy. Indian culture with respect to the socializing and community interaction has grown up well with the help of media.

Dr. A.K Srivastava ( CE, Academic & Research, TIAS ) told that media Globalization is a real force behind the formation of new cultural pattern in the society. It motivates people to interact with people from different community of different culture. Media promote a new culture in human society, in which the degree of ambiguity and uncertainty has been reshuffled and has reached its highest point, especially in the process of intercultural communication

Shri Rishabh Sharma (Anchor Zee News) told that mass media are significant transmitters of cultural messages and play an influential role in shaping culture, yet the process is complex. There is great variety in what messages are accepted by different consumers, how they are interpreted, and how they ultimately are employed (or not). Further, cultures that include contradictory messages are more likely to inadvertently promote deviant paths to culturally valued goals.

Shri Manish Desai (Additional Director General, IIMC, New Delhi ) said that media is of great importance in the present era. The media has become a style statement more rather than a requirement. People have become dependent on the media for each and every basic requirement of their life. Media has definitely got its hard-set impact on the culture. Our country is very much famous for its rich culture, but the status of the country with respect to its culture and its derangement, we can hardly feel proud of the same. With the emergence of globalization and westernization, our culture has got a big jerk and this has led to great instability in our prestige and pride.

Vote of thanks was given by Dr.Kamaljeet Kaur (Convener). She concluded the all sessions including inaugural session and given thanks to support by management, TIAS faculty, research scholors, students and non teaching staff.

***-Bal Krishna Mishra***

# Business Plan



बिजनेस प्लान के दौरान समूह चित्र

स्टार्टअप के लिए किसी बड़े शख्स या बैकग्राउंड की जरूरत नहीं बल्कि बड़ी सोच की जरूरत है। आपके पास अच्छा आइडिया होना चाहिए केंद्र सरकार समेत कई निवेशक आपकी आर्थिक मदद करने को तैयार हो जाएंगे। यह विचार बतौर मुख्य अतिथि डॉ. राकेश मेहता (निदेशक एस्ट्रल एजुकेशन, दिल्ली) ने टेक्निया इंस्टिट्यूट ऑफ एडवांस्ड स्टडीज, रोहिणी के उद्यमिता विकास सेल के तत्वाधान में 'कौशल भारत योजना' के अंतर्गत बिजनेस प्लान विषय पर आयोजित प्रतियोगिता में व्यक्त किए।

बिजनेस प्लान प्रतियोगिता में रचित (टायस), आकाश गुप्ता (रुक्मणि देवी इंस्टिट्यूट) और विकास (टायस) की टीम ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया। टेक्निया ग्रुप के अध्यक्ष डॉ. राम कैलाश गुप्ता ने कहा कि बिजनेस प्लान प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य भारतीय युवाओं के कौशल विकास के लिए अवसर एवं मंच प्रदान करना है। संस्थान के निदेशक ड़ॉ. अजय कुमार एवं सीईं (आर एंड डी) डॉ. ए.के श्रीवास्तव ने छात्रों के पहल की प्रशंसा की। कार्यक्रम के अंत में डॉ अरुण भाटिया (संयोजक, बिजनेस प्लान) ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

– बाल कृष्ण मिश्र

# Case Folio




***Felicitating Chief Guest Ms. Manasvi Datta, Corporate Marketing Expert***

Tecnia Institute of Advanced Studies, Rohni organized its first Case Folio Competition 2018 on 23th March 2018. Chief Guest Manvi Datta, Corporate Marketing Expert said that Case Folio 2018 will provide analytical and presentation skills to the students for facing the original difficult situations.

Dr. Ram Kailash Gupta Chairman, Tecnia Group of Institutions congratulated the students and said this competition will create an opportunity to the students for different business problems embedded in the case.

Dr Ajay Kumar, Director, TIAS explained about writing a case, sources of data collection and analysing the findings. He also provided certain tips to be taken into consideration while analyzing and presenting a case .

Dr AK Srivastava, CE(R&D), TIAS congratulated the entire team behind the competition and the participants. On this occasion the convener Ramesh Kumar gave vote of thanks.

***Dr. Rahul Sharma***

# The black hoax : G.B Road




After 70 years of independence we are still living in the yellowed mist where women are considered as a source of satisfaction & rapture. There is no uncertainty in that India got its independence 70 years ago but the question emerges when will the women wouldn't be treated as an object?

Swami Shardhanand Marg in New Delhi amateurly known as G.B Road. The place which is still arrant for its brothels all over the country. There are hundreds of brothels and thousands of sex workers which are still vigorously active knowing that prostitution is illegal in India, they have to do it as it has became their bread and butter. The place is in existence from the Mughal era, later in British rule it was consolidated and named after a British officer.

Businessmen to labour every lusty men who is in search of his physical satisfaction give an appearance at brothels. The women working there are mostly deprived of the basic needs for which they have to step in the business of prostitution whereas some are thrown into this forcefully. Unlike other women they also have family and kids of whom they have to take care of. They have to sell their bodies just to over come the poverty in which they were living and the men out here are greedy enough to buy it. Approximately 70-80% human trafficking is for sex where 50% are children. A human trafficker buys girl and then sell her to pimp who can sell her again or can make her slave for the business.

We live in a country where a politician referred rape as mistake by men and our youth justifies prostitution as the solution of prohibiting rape, the backing up point was mentioned that if a man will be satisfied sexually he would not lust over the women which will prevent the rape. Indirectly, no matter what happens some or the other women have to be the victim either by getting raped or by selling her body.

Every political party during the election offer several of leverages to different communities on the basis of cast, religion, region etc. but nobody talks about the these women who really need the basic necessities & rights to live freely in an independent country. Scarcity of employment and resources are the reason why these women are naturally forced to do this work which is not acceptable. Implementation of the law is equally responsible for human trafficking and brothels.

No one is ashamed to go to a brothel but they are ashamed to talk about it. The women working as escorts are also citizens of this country and must be protected by police to ensure that no such practices are happening. These women are also human and have the right to be independent and live their lives as any other person in the country.

***Shreyansh Singh***

# आत्म रक्षा पर छात्राओं के लिए एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन





*आत्मरक्षा कार्यशाला के दौरान छात्राओं को नए-नए गुर सिखाते हुए सुश्री सुमनलता*

टेक्निया इंस्टिटट्यूट ऑफ एडवांस्ड स्टडीज, रोहिणी द्वारा आत्म रक्षा पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन गया जिसमेंसंस्था की छात्राओं ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया और आत्म रक्षा के लिए नए –नए तरीकों को सीखा। कार्यशाला के इंचार्ज सुश्री सुमनलता ने कहा कि आत्म–रक्षा का सही मायने में अर्थ है अपने आप को पीड़ित की छवि से आजाद करना है। जब हम आत्म–रक्षा की बात करते हैं तो सिर्फ शारीरिक हिंसा याचोट के बारे में नहीं सोचते। हम आत्म–रक्षा की बात करते हैं हर मौके पर, फिर चाहे वह जलील मजाक व छींटाकशी रोकने की हो, या फिर अचानक बातकरते समय बीच में चुप कराए जाने के विरोध की हो। चाहे आदमियों की घूरती नजरों को चुनौती देने का प्रश्न हो या मारपीट का सवाल। आत्म रक्षा केमायने सिर्फ बलात्कार या मारपीट रोकने का मकसद नहीं होता। इसका मतलब है रोजमर्रा के जीवन में ''हानिकारक" घटनाओं का सामना करना।

टेक्निया ग्रुप ऑफ इंस्टीटयूशन्स के चेयरमैन श्री राम कैलाश गुप्ता ने कहा कि अब समय आ गया है की हम बालिकाओं को आत्मरक्षा संबंधी प्रशिक्षणएवं परामर्श, विषम परिस्थितियों में बचाव के उपाय एंव आत्मरक्षा के साधनों की जानकारी दें ताकि वे अपनी रक्षा कर पाएं। ऐसा जब होगा तभी हम एकस्वस्थ समाज का निर्माण कर पाएंगे।

टेक्निया इंस्टिटट्यूट ऑफ एडवांस्ड स्टडीज के निदेशक डॉ अजय कुमार ने कहा कि आत्मा रक्षा की रणनीति हमें सिखाती है अपनी खुद की कीमत, अपनेखुद के लिए प्यार और सम्मान, अपने शरीर पर हक और समाज की प्रतिबद्धता। एक सचेत महिला अगर अपनी हिम्मत, अपने मजबूत इरादे, जानकारी ,कौशल और अपने जीवट का इस्तेमाल करे तो यह आत्म–रक्षा की दिशा में पहला कदम होगा। डॉ कुमार ने बताया कि छात्राओं को सुरक्षात्मक दृष्टि सेआत्मनिर्भर बनाने और बदलते सामाजिक परिवेश में उन्हें शारीरिक रूप से और अधिक सशक्त बनाने के उद्देश्य से इस कार्यशाला का आयोजन किया गया है ताकि वे आवश्यकता के अनुसार आत्मरक्षा कर सकें और दूसरों को भी सुरक्षा प्रदान कर सकें।

डॉ ए के श्रीवास्तव (मुख्य कार्यकारी ,शैक्षणिक एवं विकास ) ने इस कार्यशाला की प्रशन्सा एवं छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि छात्राओं को आत्मरक्षा के प्रति सजग बनाने के लिए इस तरह के कार्यशाला समय–समय पर संस्थान में आयोजित किए जाते रहेंगे। इस दौरान कार्यशाला की संयोजिका डॉ सुरभि जैन , शिक्षकगण और छात्राएं मौजूद रहे।

**– बाल कृष्ण मिश्र**

# Photo of the Month

होली वही जो स्वाधीनता की आन बन जाय
होली वही जो गणतंत्रता की शान बन जाय।
भरो पिचकारियों में पानी ऐसे तीन रंगों काय
जो कपड़ो पर गिरे तो हिंदुस्तान बन जाय।।




फोटो क्रडिटः अनीत अरोड़ा

# वोटर के मन न भायो!

संपादकीय

आधा तीतर–आधा बटेर माने जा रहे बसा गठबंधन ने अपने विनिर्माण के बाद हुए पहले चुनावी महोत्सव में जोरदार जीत दर्ज कीं। आजादी के बाद गोरखपुर में हुए 16 लोकसभा चुनावों में से 10 चुनावों में अकेले बीजेपी ने ही जीत दर्ज की है, इसके अतिरिक्त उत्तर प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ भी वहां से 5 बार सांसद रहे है। मगर इस बार के उपचुनाव में उनकी एक दर्जन से अधिक सभाएं भी पार्टी के 1991 के बाद से जारी अनवरत विजय रथ को आगे न बढ़ा पाई।

भाजपा हर एक चुनाव को अपनी पार्टी के नए शिल्पकार द्वारा ईजाद की गई चुनाव जिताऊ महामशीन से जीतने के ही सब्जबाग सजाती है मगर उपचुनावों में उनकी इस प्रयोगधर्मिता का हाल एडीसन के असफल प्रयासों जैसा हो जाता है। हालांकि किसी राज्य के विधानसभा के मुख्य चुनाव में यही चुनाव जिताऊ महामशीन एडीसन के उस आखिरी सफल प्रयास जैसा साबित होती है। वामपंथ के अपराजेय किले त्रिपुरा के माणिक की सरकार को भी इस बार भाजपा ने नेस्तानाबूत कर दिया। लाल गढ़ पे भगवा झंडा इस बार बहुमत के साथ फहरा। भारतीय राजनीति के मानचित्र पे हर ओर भगवा–भगवा दिख रहा है मगर जागीर के स्तर पर बने एक जिले के उपचुनावों या फिर विधानसभा के उपचुनावों में जनता उनके वोट कमाने पे जीएसटी थोंप देती है।

फूलपुर के जिस किले को विहिप के श्मौर्यश ने भेदा था और फिर सूबे के उपमुख्यमंत्री बने थे, वो किला भी इस बार ध्वस्त हो गया। मतदाता समीकरण को ध्यान में रखते हुए दोनों बड़ी पार्टियों ने स्वजातीय कुर्मी प्रत्याशियों को चुनावी अखाड़े में उतारा था मगर भाजपा के प्रत्याशी चित्त हो गए इस दंगल में। इन दोनों जीत के आधार पर भाजपा को चुका बता देना और तीसरे मोर्चे की सत्ता में आमद की बात कहना बिल्कुल वैसे ही है जैसे एक चावल के पकने के आधार पर पूरी बिरयानी पकने की गांव–गुहार करना। हालांकि भाजपा को अपने सक्रिय बूथ कार्यकर्ता और पन्ना मैनेजमेंट के अमली कार्यकर्ताओं के माध्यम से ये पता लगाने का जरूर प्रयास करना चाहिए कि ये जनता का सिर्फ मूड स्विंग है या सत्ता के खिलाफ पनपा गुस्सा है।

उपचुनाव एक चुनाव से अधिक पार्टियों के लिए अपनी रणनीतियों का आत्मावलोकन भी होते है कि उनका कामकाज सही दिशा में चल रहा है या अभी गंगा उल्टी ही बह रही है। उधर बिहार की परम संतोषी जनता ने यथास्थितिवाद को कायम रखा है ठीक वैसे ही जैसे आजादी के बाद से अपनी स्वःस्थिति और परिस्थिति को बहुत अधिक बदलने नही दिया है।

# Visit to Orphanage House



Tecnia Institute of Advanced Studies, organised a visit to orphanage house named "Hope Foundation" on 27th March 2018. Hope Foundation is the home to 25 children of age group of 0-05 yrs. All the students and teachers of TIAS donated their belongings whole heartedly. TIAS Students along with faculty members visited the orphanage. It made the students happy as well as bought a smile on young faces of the children. The aim of this visit was to teach students about the power of sharing things and how to make others happy. Students also realized that one must contribute and understand his/her social responsibility towards the society. Students are very excited to meet their young friends again and requested faculty members to organise such visits again in future.

*Kriti Baweja*

# The Spectre of Crypto Currencies

*Ritik Jaiswal*




Crypto currency trading has captured the imagination of investors of worldwide, due to sudden hike in the value of "Bitcoin",the first ever discovered digital currency in 2008 by still an unidentified investor(s) who goes by the name of "Satoshi Nakamoto".

On 1st April 2017, Japan has officially legitimate the Bitcoin and other crypto currencies too. Afterwards other countries like USA, South Korea and China have legitimate it.

Several Indians are also investing in Bitcoin and through cryptocurrencies such as Ripple, Neo,Centra,etc. via various apps like Zebpay,IQ Option, Unocoin, etc. Despite according to Koinex- a trading platform for crypto currencies, Bitcoin trading is confronting opposition from banks and payment services operators. In the past few weeks users of Koinex have faced certain difficulties with rupee withdrawals on the platform. This problem was due to a tussle between Koinex's payment service patner and their bank.

Contrary, the Indian government said, crypto currencies are not legal tender and have no regulatory permission or protection in the country. But still people are gambling in it and have to prove a quote of Victor Hugo impeccable i.e. "no power on earth can stop an idea whose time has come."

# जोगीरा सा रा रा.....

लालू जी की लालटेन देखो, मारी किसी ने फूँक,
तेजस्वी भैया पूछ रहे मम्मी से,कहा हो गयी चूक।।
{जोगीरा सा रा रा–जोगिरा सा रा रा}

जनेऊ लेकर चला था पप्पू जीतने हिमाचल गुजरात,
हुआ वही फिर यूपी जैसा देखो लुट गयी फिर से खाट।।
{जोगीरा सा रा रा–जोगिरा सा रा रा}

व्यापारी सारे रहे चिल्ला,जीएसटी की है ये देन,
56 इंच के सीना वाला उस पर दौड़ाये बुलेट ट्रेन।।
{जोगीरा सा रा रा–जोगिरा सा रा रा}

संसद में छिड़ गयी बहस,बहुत हुआ तकरार,
बैंक का लेकर सारा पैसा 'नीरव' हुआ फरार।।
{जोगीरा सा रा रा–जोगिरा सा रा रा}

यूपी में अपराधी रोए खूब, जब पुलिस चलाए गोली,
अयोध्या का सपना दिखा, योगी जी बृज में मनाए होली।।
{जोगीरा सा रा रा–जोगिरा सा रा रा}

बुरा ना मानो होली है।

*–आतिश कुमार*

....पृष्ठ 1 का शेष भाग **राष्ट्र निर्माण में वैश्य समाज का योगदान**



वैश्य दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय संगोष्ठी के दौरान डा. राम कैलाश गुप्ता चेयरमैन, टेक्निया समूह एवं दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष एआईवीएफ, डॉ गिरीश कुमार सांघी (पूर्व सांसद एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष, एआईवीएफ) को सम्मानित करते हुए।

जिन्होंने भारत के विकास में महती भूमिका निभाई है। श्री सचिन गुप्ता (चांसलर, संस्कृति विश्वविद्यालय ,उत्तर प्रदेश) ने कहा कि वैश्य समाज ने भारत में वर्तमान समकालीन व्यापार परिदृश्य में वृद्धि क लिए धन और उसके विकास में एक प्रमुख भूमिका निभाई है। डॉ अजय कुमार (निदेशक टेक्निया इंस्टिट्यूट ऑफ एडवांस्ड स्टडीज) ने कहा यह विषय अंतर्राष्ट्रीय शक्ति बनने के लिए भारत के विकास में वैश्य समुदाय के योगदान को प्रदर्शित करने के लिए उपयुक्त है।

कार्यक्रम के अंत में डॉ ए के श्रीवास्तव (मुख्य कार्यकारी ,शैक्षणिक एवं विकास, टेक्निया इंस्टिट्यूट ऑफ एडवांस्ड स्टडीज) ने धन्यवाद ज्ञापन किया। इस मौके पर डॉ अजय गुप्ता (निदेशक, पब्लिकेशन एंड रिसर्च सर्वे डिवीजन, आई सी एस एस आर, दिल्ली), श्री रजनीश गुप्ता (डीसीपी स्पेशल ब्रांच ,दिल्ली पुलिस), प्रो जे एल गुप्ता (पूर्व प्रिंसिपल ,एसआरसीसी, दिल्ली ), प्रो एस के गुप्ता (पूर्व प्रिंसिपल, वैश्य कॉलेज रोहतक), प्रो विजेता अग्रवाल (यूएसएमएस, गुरु गोविन्द सिंह विश्वविद्यालय, दिल्ली), डॉ के के जिंदल (सीनियर न्यूरोलॉजिस्ट, महाराजा अग्रसेन हॉस्पिटल दिल्ली), प्रो एम पी गुप्ता, पूर्व डीन एफएमएस, दिल्ली), प्रो एन सी गर्ग, डीन गुरु जाम्बेश्वर विश्वविद्यालय, हिसार ), प्रो पी के गुप्ता, सेक्रेटरी जनरल, नेफेन), इंजीनियर दीपक सिंघल (नेशनल मैनेजर, कार्ल जेसिस इंडिया प्राइवेट लिमिटेड), श्री बिजेन्दर गोयल (एसडीवो, एमटीएनएल), आदि मौजूद रहे।

# Tecnia organized workshop #Start अब




Date 27th March 2018 : Department of Journalism and Mass Communication, Tecnia Institute of Advanced Studies in association with "Josh Talks" organized a one day workshop #StartAb on 27th March 2018 at Tecnia Auditorium. It was two hours long workshop divided into two sessions.

The first session was comprised of two talks delivered by first generation entrepreneurs on their startup journey and the struggle they have had to overcome to reach where they are today. The second session was an online digital marketing workshop curated by Facebook on 'How to Start Your Business Online'.

Through this session, speakers inspired the audience to take an entrepreneurial route and also equip themselves with the right tools to get started Ms. Namita Bhatia (Campaign Manager, Josh Talks) was the resource person. During workshop she told that no need for a big man or background for startup, but big thinking is needed.

Dr. Ram Kailash Gupta, Chairman (Tecnia Group), Dr. Ajay Kumar (Director, TIAS) and Dr. A. K. Srivastava (Chief Executive, Academic and Development, TIAS) praised the initiative of organizing team. On this occasion all the teachers and students of Journalism & Mass Communication were present.

***-Bal Krishna Mishra***

# मादक पदार्थों की लत एवं मासिक धर्म स्वच्छता पर जागरूकता कार्यक्रम

स्वस्थ समाज और भविष्य के लिए यह जरूरी है कि मादक पदार्थों से होने वाले नुकसान और मासिक धर्म पर खुलकर बात करने का चलन बढ़ाया जाए और महिलाओं को पीरियड के दौरान स्वच्छता संबंधीजानकारियों से भी अवगत कराया जाए। विकल्प चाहे कई मौजूद हों लेकिन उन्हें बिना जागरूकता के इस्तेमाल में नही लाया जा सकता है। इसी दिशा में आगे बढ़ते हुए टेक्निया इंस्टिट्यूट ऑफ एडवांस्ड स्टडीज, रोहिणी के छात्र –छात्राओं द्वारा परवाना रोड स्थित मद्रासी गांव में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से "मादक पदार्थों की लत एवं मासिक धर्मस्वच्छता" विषय पर 13 मार्च 2018 को जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। नुक्कड़ नाटक का आयोजन छात्र कल्याण विभाग एवं टेक्निया थिएटर सोसाइटी (मृदंग ग्रुप) के संयुक्त तत्वाधान में किया गया । छात्रों ने नुक्कड़नाटक के माध्यम से शराब नहीं पीने, मादक पदार्थों से होने वाले नुकसान और मासिक धर्म स्वच्छता पर मद्रासी गांव में रहने वाले लोगों को जागरूक किया। विद्यार्थियों द्वारा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से मादक पदार्थों की लत एवं मासिक धर्म स्वच्छता पर जागरूकता कार्यक्रम की पहल को टेक्निया समूह के अध्यक्ष डॉ राम कैलाशगुप्ता, संस्थान के निदेशक डॉ अजय कुमार एवं मुख्यकार्यकारी (शैक्षणिक एवं विकास) डॉ ए के श्रीवास्तव ने प्रशंसा की। इस अवसर पर डॉ नमिता मिश्रा (डीन छात्र कल्याणविभाग), कृति मिगलानी, अभिक अरोरा और सुहैल एहतेशाम मौजूद रहे।



**- बाल कृष्ण मिश्र**

श्रद्धांजलि

# अलविदा स्टीफन हाकिंग

-आतिश कुमार



सर स्टीफन हॉकिंग नही रहे। खबर सुनी तो कुछ भी अजीब नही लगा। ऐसा लगा जैसे जाने से पहले काम निपटा कर गए हों अपना। किसी के जाने के बाद ऐसी उदासीनता असम्भव सी है। मगर आज न जाने क्यों है मेरे मन में। उत्पत्ति, प्रसार और प्रलय यह दार्शनिक और वैज्ञानिक दोनों तरह का नियम है। सो जो आया है उसका जाना निश्चित है। चाहे वह सर स्टीफन हों, चाहे सर आइंस्टाइन हो या फिर कोई और सर!

मगर जब आप स्टीफन को सोचेंगे तो आपको याद आएगा एक इंसान जिसका शरीर लगभग मृत है लेकिन एक दिमाग है जो अभी भी खूब सोचता है और जो सोचता है वह बोल भी नही पाता बल्कि उसके विचार दिखते हैं एक कम्प्यूटर स्क्रीन पर। उनका चित्र आपके सामने उतर आएगा। आइंस्टाइन के बाद अगर कोई वैज्ञानिक इतना लोकप्रिय हुआ तो वह स्टीफन थे। अब वह लोग भी स्टीफन के बारे में लिखेंगें या बात करेंगे जिन्हें विज्ञान का सही मतलब तक नही मालूम। यह स्टीफन की सामाजिक लोकप्रियता है जो विज्ञान से परे है। स्टीफन को अपने समय की वैज्ञानिक दुनिया का सेलीब्रिटी साइंटिस्ट कहना गलत न होगा।स्टीफन और आइंस्टाइन पर बात करके या लिखकर आप हम जैसे सो कॉल्ड इंटेलेक्चुअल्स की भीड़ में खड़े होने का नैतिक सर्टिफिकेट प्राप्त कर लेते हैं।

स्टीफन ने ईश्वर को नकारा इसलिए महान नही हुए उन्होंने विज्ञान को साबित भी किया इसलिए महान हुए। नास्तिक होने की पहली और आखिरी शर्त यह है कि आपको वैज्ञानिक या दार्शनिक होना पड़ेगा। वरना मैं ईश्वर को नही मानता कहकर आप विशेष बनने का प्रयास मात्र करते हैं और कुछ नही। मैंने स्टीफन को सुना ज्यादा लेकिन बहुत कम पढ़ा है इसलिए ज्यादा नही लिख सकता उनके बारे मेंले किन एक बात तो तय है कि गूगल पर सर आइंस्टाइन को कई बार सर्च कर लेने वाला मैं, सर स्टीफन को भी मौका मिलते ही जरूर पढूँगा और समझने का प्रयत्न करूँगा।

मैं यह मानता हूँ कि मुझे विज्ञान के विषय में ज्यादा कुछ नही पता। मशीन्स के साथ काम कर लेना,रटे रटाये ज्ञान पर इतराते रहना और अपनी डिग्री पर आत्ममुग्ध हो लेना। सामान्य भारतीय का वैज्ञानिक स्तर यहीं तक सिमटा है। मैं इनमें से भी किसी श्रेणी का नही हूँ। मतलब मैं सामान्य से भी निम्न वैज्ञानिक स्तर पर खड़ा हुआ इंसान हूँ। दर्शन और विज्ञान में मेरी रुचि मुझे सोचने को प्रेरित करती रहती है। बस इतने तक ही सीमित है मेरा ज्ञान।

खैर छोड़ो! 14 मार्च,सर आइंस्टाइन का जन्मदिवस भी है और सर स्टीफन का मरण दिवस भी।दोनों विभूतियों को सलाम।

स्टीफन सर के लिए RIP लिखना तर्कसंगत नही है । उन्होंने कहा था There is no life after death.आत्मा, ईश्वर और पुनर्जन्म जैसे किसी सिद्धांत पर उनका कोई भरोसा नही था। इसलिए वह Rest in Peace नही होंगे बल्कि ऊर्जा बनकर इस अनन्त ब्रह्मांड मे भ्रमण करेंगे।

## THIS MONTH

**March 26, 1992 -** Soviet Cosmonaut Serge Krikalev returned to a new country (Russia) after spending 313 days on board the Mir Space Station. During his stay in space, the Soviet Union (USSR) collapsed and became the Commonwealth of Independent States.

•••

**March 12, 1994 -** The Church of England ordained 32 women as its first female priests. In protest, 700 male clergy members and thousands of church members left the church and joined the Roman Catholic Church which does not allow women priests.

•••

**March 20, 1995 -** A nerve gas attack occurred on the Tokyo subway system during rush hour resulting in 12 persons killed and 5,000 injured. Japanese authorities later arrest the leader and members of a Japanese religious cult suspected in the attack.

•••

**March 12, 1999 -** Poland, Hungary and the Czech Republic became full-fledged members of NATO (North Atlantic Treaty Organization) less than ten years after exchanging communist rule for democracy and ending their Cold War military alliances with Soviet Russia.

•••

**Compilation:** Honey Shah

## BASICS OF MEDIA

**Demographics -** Audience research factors concerned with such data as age, gender, marital status, and income.

•••

**Effect-to-Cause Model -** Moving from idea to desired effect on the viewer, then backing up to the specific medium requirements to produce such an effect.

•••

**Facilities Request -** facilities request A list that contains all technical facilities needed for a specific production.

•••

**medium requirements -** All content elements, production elements, and people needed to generate the defined process message.

•••

**Process Message -** The message actually received by the viewer in the process of watching a television program.

•••

**Production Schedule -** The calendar that shows the preproduction, production, and postproduction dates and who is doing what, when, and where.

•••

**Program Proposal-** Written document that outlines the process message and the major aspects of a television presentation.

**Compilation:** Rahul Mittal




आज के युग में देश के युवाओ को ये समझने की जरूरत हैं कि फाँसी पर चढ़ने वाला हर व्यक्ति भगत सिंह नहीं होता। देश के युवाओ को अफजल और भगत सिंह में क्या फर्क हैं पता होना चाहिए।देश को अफजल नहीं भगत सिंह की जरूरत हैं। भगत सिंह एक क्रांतिकारी जिसने कहा था कि मैं इस देश में दोबारा पैदा होना चाहता हूँ उस देश के युवाओ को अतुल्य भारत –अमूल्य भारत का सम्मान करना चाहिए। 23 मार्च 1931 को शहीद–ए–आजम भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु ने फाँसी के फंदे को इस मोहब्बत से गले लगाया कि उनकी मौत के बाद देश में एक व्यापक जनाक्रोश देखने को मिला। भगत सिंह की फाँसी से पहले भी कई क्रांतिकारी जैसे रामप्रसाद बिस्मिल, अशफाक उल्लाह खान, रोशन सिंह, राजेन्द्रनाथ लाहिड़ी ने फाँसी के फंदे को हस्ते हस्ते गले लगाया था। मगर भगत सिंह का मानना था कि मौत को हस्ते हस्ते गले लगाओ मगर तुम्हारी मौत से एक इतने बड़े आंदोलन का सृजन होना चाहिए जिस से देश में एक जनाक्रोश पैदा हो, अपनी देश की मिट्टी को आजाद कराने के लिए, भारत की स्वतंत्रता के लिए।

भगत सिंह की सबसे बड़ी ताकत थी आजादी की भूक, संघर्ष का सपना और लड़ने की आग। भगत सिंह ने लिखा है कि (दहर से क्यों खफा रहे, चर्ख का क्या गिला करे। सारा जहाँ अदू सही, आओ मुकाबला करे।) भगत सिंह ने अन्याय से लड़ने के लिए अहिंसा का रास्ता ना अपनाते हुए उपयोग बल का रास्ता अपनाया। उनका मानना था कि अंग्रेजों को उन्ही की भाषा में जवाब देना होगा इसीलिए 17 दिसंबर 1928 को लाला लाजपत राय का मौत का बदला लेने के लिए भगत सिंह , सुखदेव और राजगुरु ने अंग्रेज पुलिस अधिकारी सांडर्स की हत्या की थी। वहीं 8 अप्रैल 1929 को चंद्रशेखर आजाद के नेतृत्व में 'पब्लिक सेफ्टी' और 'ट्रेड डिस्प्यूट बिल' के विरोध में 'सेंट्रल असेंबली' में बम फेंक कर इंकिलाब जिन्दाबाद का नारा बुलंद किया। इसके बाद उन्हें गिरफ्तार कर लिया। 7 अक्टूबर 1930 को सांडर्स की हत्या के आरोप में भगत सिंह, राजगुरु, और सुखदेव को फांसी की सजा सुनाई गई। फाँसी की तारीख थी 24 मार्च मगर 23 मार्च 1931 की शाम 7.00 बजे ही भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु को फांसी पर लटका दिया गया। रात के अँधेरे में ही सतलुज के किनारे इनका अंतिम संस्कार भी कर दिया गया। भगत सिंह का शरीर उस रोज नहीं रहा लेकिन उनके विचारो का चिराग आज भी हिंदुस्तान को रोशन किए हुए हैं।

पिछले कुछ समय में भगत सिंह के नाम का लोगों ने दुरुपयोग किया है। हाल ही में त्रिपुरा में लेनिन की मूर्ति गिराए जाने पर राजनेताओ ने अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि भगत सिंह मरने से पहले लेनिन को पढ़ा करते थे इसलिए लेनिन की हमारे देश की आजादी में अहम भूमिका हैं और आजादी का श्रेय भगत सिंह को ना देकर लेनिन को दे दिया । वहीं शायद ऐसे राजनेता ये भूल जाते हैं कि महात्मा गांधी ने मारने से पहले (हे राम) बोला था। वहीं हमारे राजनेता JNU में जाकर कन्हैया कुमार को नए युग का भगत सिंह बता देते हैं। JNU जहां पिछले वर्ष अफजल हम शर्मिंदा है, तेरे कातिल जिंदा है के नारे लगाए गए थे। भगत सिंह का कहना था (जो चीज आजाद विचारो को बर्दाश्त नहीं कर सकती, उसे समाप्त हो जाना चाहिए।) मगर आज के युग में कुछ विचारधारा इस कथन को देश के टुकड़े करने के लिए अपना हथियार बना रही हैं।

**- रोहित रावत**

**Vol.** 14 **No.** 3

**RNI No.:** DEL/BIL/2004/14598

**Publisher:** Ram Kailsah Gupta on behalf of Tecnia Institute of Advanced Studies, 3 PSP, Madhuban Chowk, Rohini, Delhi-85; **Printer:** Ramesh Chander Dogra; **Printed at:** Dogra Printing Press, 17/69, Jhan Singh Nagar, Anand Parbat, New Delhi-5

**Editor:** Rahul Mittal, responsible for selection of News under PRB Act. All rights reserved.

## IMPORTANT QUOTES

*"It is better to have a permanent income than to be fascinating."*
**- Oscar Wilde**

•••

*"There is no sincerer love than the love of food."*
**- George Bernard Shaw**

•••

*"Anything that is too stupid to be spoken is sung."*
**- Voltaire**

•••

*"No Sane man will dance."*
**- Cicero**

•••

*"Hell is a half-filled auditorium."*
**- Robert Frost**

•••

*"Vote early and vote often."*
**- Al Capone**

•••

*"Happiness is good health and a bad memory."*
**- Ingrid Bergman**

•••

**Compilation:** Sanjay Srivastava

## WINNERS v/s LOOSERS Part-80

*When a Winner makes a mistake he says "I was wrong," when a Loser makes a mistake he says "It wasn't my fault."*

•••

*A Winner learns from his mistakes. A Loser learns not to make mistakes by not trying anything different.*

•••

*A Winner stops talking when he has made his point. A Loser goes on until he has blunted his point*

•••

*A Loser believes in Fate; A Winner believes that we make our fate by what we do or fail to do.*

•••

*A Winner in the end gives more than he takes. A Loser dies clinging to the illusion that winning means taking more than you give.*

*To Be Continued In Next Issue-*

**Compilation:** Rahul Mittal

All Students and Faculty are welcome to give any Article, Feature & Write-up along with their Views & Feedback at: **youngstertias@gmail.com**